झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–06

एकादश (बजट) सत्र
शनिवार, दिनांकः–04 मार्च, 2023 ई०।

समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 02:42 अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआः–

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–26

(क) अनागत कुल–26 क्रम संख्या–84 से 109 तक।

(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–34

(क) अनागत कुल–34 क्रम संख्या–169 से 202 तक।

2. सूचना दिया जाना

सर्वश्री लोबिन हेम्ब्रम, स०वि०स०, नीलकंठ सिंह मुण्डा, स०वि०स०, सुदेश कुमार महतो, स०वि०स० ने सूचना दिया कि वर्तमान सरकार ने कैबिनेट के माध्यम से नई नियोजन नीति का प्रस्ताव पारित किया है। जबकि पूर्व में विशेष सत्र के माध्यम से 1932 आधारित नियोजन नीति सर्वसम्मति से सदन द्वारा पारित कर इसे राज्य में लागू किया था। ऐसी स्थिति में सरकार को नई नियोजन नीति को भी सदन के माध्यम से ही पारित कर लागू किया जाना चाहिए था। ऐसा न करके सरकार ने सदन की अवमानना की है।

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा नई नियोजन नीति के विरूद्ध वेल में प्रदर्शन एवं शोरगुल)

तत्पश्चात् 11:21 पूर्वा0 में आसन के द्वारा 12:00 बजे मध्या0 तक के लिए
सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की गयी।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्थगनोपरान्त 12:00 बजे मध्या0 में आसन ग्रहण किया

3. शून्यकाल की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत् आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनायें निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयीः–

डॉ0 लम्बोदर महतो स0वि0स0

→

श्री दशरथ गागराई स0वि0स0

श्री उमाशंकर अकेला स0वि0स0

शेष स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाओं को भी पढ़ा हुआ मानते हुए लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों में भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

पुनः भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के द्वारा शोरगुल एवं प्रदर्शन के बीच आसन के द्वारा 02:00 बजे अप0 तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की गयी।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

4. वित्तीय कार्य

अन्तराल के बाद वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक पर पर चर्चा में भाग लिये जाने हेतु दलगत समय आवंटन की घोषणा आसन से की गयी। तत्पश्चात् आसन की अनुमति से श्री बैद्यनाथ राम, स0वि0स0 ने जैसे ही सरकार की ओर से बजट पर वक्तव्य देना प्रारम्भ किया, भारतीय जनता पार्टी तथा आजसू के सदस्यगण वेल में आकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। शोरगुल के बीच ही श्री बैद्यनाथ राम, स0वि0स0 तथा श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, स0वि0स0 ने अपना वक्तव्य दिया।

(इसी क्रम में माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने व्यवस्था पर अपना विचार रखते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों द्वारा हंगामा एवं शोरगुल कर समानांतर व्यवस्था चलाना सदन की अवमानना है)।

(वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक पर पर चर्चा जारी।)

5. आसन से सूचना

आसन से आज दिनांक–04 मार्च, 2023 को सभा की कार्यवाही समाप्त होने के उपरान्त विधान सभा परिसर में होली मिलन समारोह आयोजन संबंधी सूचना के साथ उक्त अवसर पर पक्ष एवं विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण को सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक–13 मार्च, 2023 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–04 मार्च, 2023

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।